निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने रीवा पहुंची टीम

▶ पीडब्ल्यूडी उपयंत्रियों ने जताया विरोध

नवभारत न्यूज

रीवा, 5 जनवरी, लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने सोमवार को दो सदस्यीय टीम भोपाल से रीवा पहुंची.

पीडब्ल्यूडी के उपयंत्रियों ने जांच टीम का सहयोग न कर एक दिन का सामूहिक अवकाश रखते हुए कार्यों की जांच का विरोध कर ज्ञापन भी सौंपा है. हालांकि जिन कार्यों के जांच का जिम्मा टीम को दिया गया था, उसे बगैर किसी स्थानीय अधिकारी के ही पूरा कर टीम वापस लौट गई है. लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए हर माह भोपाल से दो सदस्यीय टीम दो बार आती है, जो कार्यों का भौतिक परीक्षण करने के बाद कमियों को शासन स्तर पर रखती है. जांच दल द्वारा दिए गए रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाती है. सोमवार को भोपाल से मुख्य अभियंता बीके आरख एवं गोपाल सिंह पहुंचे थे, जिनका राजनिवास में पीडब्ल्यूडी के उपयंत्रियों ने जांच में सहयोग न कर शासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए ज्ञापन सौंपा है.

दो सदस्यीय टीम पहुंची जांच करने - भोपाल से रीवा पहुंची दो सदस्यीय जांच टीम को लोनिवि ब्रिज द्वारा निर्मित बेलन नदी एवं नैना नदी में बनाए गए पुलों के गुणवत्ता की जांच करनी थी. वहीं पीडब्ल्यूडी शहर संभाग द्वारा रतहरा से चोरहटा तक बनाई गई सड़क एवं एमपीआरडीसी द्वारा बनाई गई देवतालाब से गढ़ एवं पीआईयू द्वारा हनुमना तहसील के किए गए निर्माण कार्यों की जांच की जानी थी.

अभियंता संघर्ष मोर्चा ने दिया ज्ञापन

मप्र संयुक्त अभियंता संघर्ष मोर्चा ने दो सदस्यीय टीम को जो ज्ञापन सौंपा है उसमें बताया है कि विभाग में उपयंत्रियों के लिए 1635 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 550 पद रिक्त हैं तथा 250 उपयंत्री अनुविभागीय अधिकारी के प्रभार में है. जबकि 50 उपयंत्री अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर हैं. इस प्रकार 1635 पद के विरुद्ध मात्र 785 उपयंत्री कार्यरत हैं. पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में निर्माण कार्यों की मात्रा में चार गुना वृद्धि भी हुई है. ऐसे में एक यंत्री के पास एक जिले के अलावा अन्य जिलों का भी प्रभार होता है.

औचक निरीक्षण बंद की मांग

डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा शासन के समक्ष यह मांग रखी गई है कि औचक निरीक्षण तत्काल बंद किया जाए. यदि आवश्यकता ही हो तो गुणवत्ताविहीन कार्य के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार माना जाए तथा अभियंताओं को सुधार कार्य कराने के लिए समय दिया जाए. किसी निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर उपयंत्री से लेकर मुख्य अभियंता तक सभी को समान रूप से जिम्मेदार माना जाए तथा मैदानी अभियंताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई को वापस लिया जाए.

सुको ने मझौली अध्यक्ष के विरुद्ध दायर याचिका खारिज की

▶ नगर परिषद के अध्यक्ष रहेंगे शंकर प्रसाद गुप्ता

नवभारत न्यूज

सीधी, 5 जनवरी. उच्चतम न्यायालय ने नगर परिषद मझौली जिला सीधी के अध्यक्ष पद के निर्वाचन को लेकर दायर अपील के लिए विशेष अनुमति हेतु याचिका (एं) (सी) को आज अपने निर्णय में खारिज कर दिया है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर स्थित प्रधान पीठ द्वारा सीआरएन संख्या 1110/2025 में दिनांक 18 दिसंबर 2025 को पारित अंतिम निर्णय एवं आदेश के विरुद्ध अपील के लिए विशेष अनुमति हेतु याचिका क्रमांक 38497/2025 लवकेश सिंह द्वारा दायर की गई थी। प्रकरण में प्रतिवादी शंकर प्रसाद गुप्ता थे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ,न्यायमूर्ति संदीप मेटा ने आज 05 जनवरी 2026 को इस मामले की सुनवाई करते हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद निर्णय दिया कि हम उच्च न्यायालय द्वारा पारित विवादित निर्णय और आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। अत:विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद अब शंकर प्रसाद गुप्ता नगर परिषद मझौली के अध्यक्ष बने रहेंगे।

एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र **नवभारत** सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523

पांचवें दिन मिला रामजतन का तैरता हुआ शव

▶ मृतक के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे विधायक रामनिवास शाह

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जनवरी । कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के हिर्रवाह मार्ग स्थित पुल के नीचे पानी में डूबे व्यक्ति रामजतन साकेत निवासी हिर्रवाह की तैरती हुई बॉडी आखिरकार आज पाँचवें दिन बरामद कर ली गई है।

बीते चार दिनों से लगातार प्रशासनिक स्तर पर उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन रेस्क्यू टीम को सफलता नहीं मिल पा रही थी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं आज सुबह सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह मृतक के घर पहुंच परिजनों से बात करते हुये ढाढस बंधाते हुये सांत्वना दिये।जानकारी के अनुसार रामजतन साकेत उम्र 45 वर्ष की तलाश के लिए एसडीईआरएफ, होमगार्ड, पुलिस प्रशासन तथा स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया गया। नदी और आसपास के इलाकों में गहन खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका था। आज सुबह पुल के नीचे पानी में तैरती हुई बॉडी दिखाई देने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में पहुँच को बाहर निकालकर पहचान कराई गई। वहीं विधायक रामनिवास शाह घटनास्थल एवं मृतक के घर पहुंच परिजनों से मुलाकात करते हुये ढाढंस बंधाते हुये सांत्वना दिये। इस दौरान कोतवाली पुलिस भी मौजूद रही।

डॉ. अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
- ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
- फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
- गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ

समयः सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना

पताः ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में विदेशी मेहमानों की आमद, भारतीय स्कीमर ने डाला डेरा

नवभारत न्यूज

सीधी, 5 जनवरी. सोन घड़ियाल अभ्यारण्य, सीधी में एक बार फिर प्रकृति का मनमोहक नजारा देखने को मिल रहा है। क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व, सीधी ने जानकारी दी कि चितरंगी परिक्षेत्र अंतर्गत सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में इस वर्ष भी प्रवासी पक्षी भारतीय स्कीमर की आमद हुई है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुल 34 भारतीय स्कीमर सोन नदी के राज घाट एवं कुठली घाट क्षेत्र में देखे जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस वर्ष भारतीय स्कीमर पहली बार 10 दिसंबर 2025 को देखे गए। ये प्रवासी पक्षी सोन नदी के रेतीले तटों पर गड्ढे बनाकर अंडे देते हैं, उनका संरक्षण करते हैं तथा अपने बच्चों को उ?ने और शिकार करने योग्य बनाते हैं। यह प्रवास जून माह के अंत तक रहता है, जिसके बाद ये पक्षी एशिया के अन्य देशों की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। भारतीय स्कीमर का प्रजनन काल फरवरी से मई तक होता है। फरवरी के अंत से मार्च के अंत तक मादा एक बार में 2 से 5 अंडे देती है। अंडों को नर एवं मादा दोनों मिलकर सेते हैं। तेज धूप और गर्मी से अंडों को सुरक्षित रखने के लिए दोनों पक्षी बार-बार नदी के पानी में जाकर अंडों को गीला करते हैं, जिससे उनका तापमान संतुलित बना रहता है। अंडों से चूजों के निकलने में 21 से 24 दिन का समय लगता है और मई माह में बच्चों का निकलना प्रारंभ हो जाता है। चूजों के पालन-पोषण में नर स्कीमर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो मछलियों का शिकार कर बच्चों के लिए भोजन उपलब्ध कराता है। जून के अंत तक बच्चों को उ?ने योग्य और भोजन के लिए आत्मनिर्भर बना दिया जाता है। इसके पश्चात ये पक्षी श्रीलंका, बांग्लादेश और चीन जैसे देशों की ओर उ?ान भरते हैं।

सतत निगरानी की व्यवस्था

क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व के मार्गदर्शन एवं उप संचालक के निर्देशन में परिक्षेत्राधिकारी चितरंगी चतुर सिंह, परिक्षेत्र सहायक फूलवती सिंह तथा बीटगार्ड रामसरोज मिश्रा द्वारा इन दुर्लभ प्रवासी पक्षियों की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि उनके प्रजनन और संरक्षण में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। भारतीय स्कीमर की उपस्थिति सोन घ?ियाल अभ्यारण्य की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण है और यह क्षेत्र को पक्षी प्रेमियों एवं प्रकृति शोधकर्ताओं के लिए विशेष आकर्षण प्रदान करती है।

कोदो व कुटकी उपार्जन की अंतिम तिथि 15

नवभारत न्यूज

सतना 05 जनवरी. रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा सतना एवं मैहर जिले में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जा रहा है।. कंपनी द्वारा सतना जिले के लिए रघुराजनगर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड अर्जुन नगर, उपार्जन स्थल कृषि उपज मण्डी नागौद एवं मैहर जिले के लिए मैहर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बल्लभ नगर मैहर, उपार्जन स्थल गहवरा तहसील मैहर के माध्यम से कोदो एवं कुटकी का उपार्जन किया जा रहा है।

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2025/36 दिनांक: 06.01.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।

किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय
छिंदवाड़ा (म.प्र.)
P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara
Phone (o) : 07162-230266, Email : registrar.cuc@mp.gov.in

क्र. 61/भण्डार निविदा/रा.श.श.वि./2026 छिंदवाड़ा, दि. : 05.01.2026

ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम क्रय हेतु ई-निविदा **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। जिसका निविदा नं. 2026_CU_473225_1 है। निविदाओं का विस्तृत विवरण राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की अधिकृत वेबसाइट **https://cuc.ac.in** पर दिनांक 05.01.2026 से उपलब्ध है।

संपर्क - श्री गजेन्द्र मौर्य, मो.नं. 7693952248
(सहायक कुलसचिव, भण्डार)

म.प्र. माध्यम/123838/2026 कुलसचिव

125 दिन की रोज़गार गारंटी

मजबूत आजीविका सुरक्षा
- 125 दिनों के रोज़गार की कानूनी गारंटी

विकसित ग्राम पंचायत योजनाएँ (VGPPs)
- ग्राम पंचायतों द्वारा पीएम गति शक्ति के साथ एकीकृत सहभागी योजना निर्माण

समग्र ग्रामीण विकास के लिए मूलभूत परिसंपत्तियों का निर्माण
- जल सुरक्षा एवं जल संबंधी कार्यों को मिलेगा बढ़ावा
- मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना होगी सुदृढ़
- आजीविका के अवसरों का होगा विस्तार
- प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं से बचाव की तैयारी

विकास के लिए एकजुट—सम्पूर्ण सरकार दृष्टिकोण!
- विभिन्न योजनाओं के समुचित तालमेल से कन्वर्जेंस

पारदर्शिता की ओर मजबूत कदम
- ग्राम पंचायतों द्वारा साप्ताहिक पब्लिक डिस्क्लोज़र
- सुदृढ़ सोशल ऑडिट तंत्र
- अत्याधुनिक डिजिटल पोर्टल



विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

CBC 35101/13/0052/2526

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99